Bareilly, Saturday,
19 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 02, MIDDLE

# आर्मी पब्लिक स्कूल व डीपीएस फाइनल में

## पहले सेमी फाइनल मे आर्मी पब्लिक स्कूल ने चाइल्ड केयर को 5-0 गोल से हराया

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (18 April):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस बरेली की टीमों के बीच खेला जाएगा. के इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमी फाइनल मुकाबले मे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने चाइल्ड केयर की टीम को 5-0 गोल के अंतर से हराया. दूसरे सेमी फाइनल मुकाबले मे डीपीएस बरेली की टीम ने एयर फोर्स स्कूल की टीम को 2-0 गोल के अंतर से हरा कर फाइनल मे जगह सुरक्षित की. दोनों टीमों के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार सुबह 9.30 बजे खेला जाएगा.

## दोनों सेमीफाइनल मैच हुए

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी (सीईटी) स्थित फुटबाल मैदान में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट के दोनों सेमी फाइनल मैच हुए. पहला सेमी फाइनल सुबह आठ बजे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और चाइल्ड केयर बिशप कोनराड के बीच खेला गया. मैच के तीसरे मिनट में ही आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के आयुष शर्मा ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी. इसके बाद 19वें मिनट में चाइल्ड केयर के खिलाड़ी गोल बचाने के चक्कर में खुद पर ही गोल कर बैठे. 50वें मिनट में हर्षित साही, 55वें मिनट में आर्यन सिंह और 59वें मिनट में हर्षित साही ने गोल कर अपनी टीम को 5-0 से जीत दिला दी, जबकि विपक्षी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी.




टूर्नामेंट में आए गेस्ट को सम्मानित किया गया.

## डीपीएस ने जीता मैच

दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला डीपीएस बरेली की टीम और एयर फोर्स स्कूल के बीच खेला गया. दोनों टीमों ने एक दूसरे पर गोल करने के लिए कई बार दबाव बनाया लेकिन किसी टीम को कामयाबी नही मिली. मैच समाप्त होने के कुछ पहले डीपीएस के अजीज और इशांत ने 57वें और 59वें मिनट में 1-1 गोल कर टीम को 2-0 से अपनी टीम को अजेय बढ़त दिला दी, जबकि एयर फोर्स स्कूल की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी. एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बरेली फुटबाल संघ के सचिव मून राबिंसन और उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सचिव डा. सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, कामरान असरफ, वरिष्ठ कोच एसपी सिंह, रेफरी सीके यादव, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत, महेश चंद, निष्कर्ष सिंह कंडारी और आशू भारती मौजूद रहे.